बाल भारती पब्लिक स्कूल ,   पीतम पुरा , दिल्ली
साप्ताहिक पाठ योजना
कक्षा --- छठी
विषय ---- हिंदी

सप्ताह : 21/12/20 से 25/12/20 तक   कालांश -02

उपविषय : नौकर (निबंध)

व्याकरण -   शब्द भंडार

कालांश -1

<u>अधिगम प्रतिफल –</u>

1 . विद्यार्थी महात्मा गाँधी के जीवन से प्रेरणा ग्रहण करेंगे ।
2 . अपना कार्य स्वयं करने की प्रवृति का ज्ञान ।
3 . नौकरों को अपना सहायक मानने की धारणा का ज्ञान।
4 . कोई काम छोटा बड़ा नहीं होता की धारणा का विकास।
5 . शब्द संपदा में वृद्धि।

निर्देशात्मक सहायक सामग्री https://www.youtube.com/watch?v=98Cjt6rVCzU

विद्यार्थी शेष पाठ का पठन - पाठन करेंगे तथा दिया गया कार्य कॉपी में किया जाएगा ।

प्रश्न 1.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

क. आश्रम में कॉलेज के छात्रों से गांधीजी ने कौन -सा काम करवाया और क्यों ?

ख. लन्दन में भोज पर बुलाए से जाने पर गांधीजी ने क्या किया ?

ग . गांधीजी ने श्रीमती पोलक की मदद कैसे की ?

घ . आश्रम में बर्तनों की सफ़ाई का क्या नियम था ?

ड़ . दक्षिण अफ़्रीका में गांधीजी ने गोखले की सहायता किस प्रकार की ?

BBPS, PITAMPURA

क्रिया -कलाप :

(i) निम्नलिखित शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

नौकर , घर , गेहूँ , तालाब , चंद्रमा

(ii) दिए गए शब्दों से वाक्य बनाएँ ।

आश्रम , शाकाहारी , अतिथि , दिनचर्या , रसोईघर

कठिन शब्दों के अर्थ --

- फ़ौरन - तुरंत
- कौपीनधारी - लंगोटी धारण करने वाला
- खाखरा - एक गुजराती व्यंजन
- निष्फल -जिसका कोई फल न निकले
- शिविर - टेंट , तम्बू
- दाई - आया
- पाखाना - शौचालय

कालांश - २

नोट : समस्त कार्य विद्यार्थी अपनी कॉपी में करेंगे।

प्रश्न १. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए :

1. इस पाठ की विधा और लेखक का नाम लिखिए ।
2. गेंहूँ पीसने से पहले गांधीजी किस बात पर जोर देते थे ?
3. कॉलेज के छात्रों को किस बात का गर्व था ?
4. गांधीजी नौकरों को किसके समान मानते थे ?
5. आश्रमवासी को खाने के लिए किस तरह के केले दिए गए थे ?

प्रश्न 2.दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : -

आलू , थकान , कैदियों , गोपाल कृष्ण गोखले , अठहत्तर

क. एक बार एक आश्रमवासी ने बिना धोए ----------- काट दिए ।

ख. गाँधीजी ने दक्षिण अफ्रीका में सैंकड़ों -------------- को भोजन परोसा था ।

ग. गाँधीजी- ------------ का नाम भी नहीं जानते थे ।

घ. दक्षिण अफ्रीका में गाँधीजी------------- के साथ ठहरे थे ।

ड़ . गाँधीजी ने --------------- वर्ष की उम्र में खाखरा बनाने की विधि बताई ।

क्रिया - कलाप :

BBPS PITAMPURA

- "मेरे प्रिय बापू " विषय पर 5 -6 पंक्तियों की एक कविता लिखिए ।

नोट :   विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य को स्मरण करेंगे तथा कॉपी में लिखेंगे ।

अनेकार्थी शब्द   - चीर से पत्र तक

सामान्य अशुद्धियाँ - परीक्षा से नीति तक

11.	चीर	वस्त्र , रेखा , पटरी , चीरना
12.	जीवन	ज़िंदगी ,जल ,वायु , प्राण
13.	तात	पिता, भाई, पूज्य
14.	तीर	किनारा, बाण
15.	द्‌विज	दाँत, ब्राह्‌मण, पक्षी
16.	नव	नया, नौ
17.	नायक	नेता, मार्गदर्शक, सेनापति, नाटक का मुख्य पात्र
18.	पट	द्‌वार, कपड़ा, परदा
19.	पतंग	सूर्य, एक कीड़ा, उड़ाई जाने वाली गुड़िया
20.	पत्र	चिट्‌ठी, पत्ता

अशुद्‌ध	शुद्‌ध	अशुद्‌ध	शुद्‌ध
परिक्षा	परीक्षा	अभीमान	अभिमान
आशिर्वाद	आशीर्वाद	अतिथी	अतिथि
इश्वर	ईश्वर	क्योंकी	क्योंकि
इसाई	ईसाई	ईनाम	इनाम
श्रीमति	श्रीमती	नीती	नीति

मूल्यांकन मौखिक चर्चा , लिखित कार्य तथा गतिविधियों के आधार पर किया जाएगा